पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राज्य विधान मण्डल के संयुक्त अधिवेशन को सम्बोधित किया

लखनऊ 5 फरवरी, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राज्य विधान मण्डल के वर्ष 2019 के प्रथम सत्र के लिए आहूत संयुक्त अधिवेशन को सम्बोधित किया। राज्यपाल को राज्य विधान मण्डल के संयुक्त अधिवेशन को सम्बोधित करने से पहले राजभवन में 'गार्ड आफ ऑनर' दिया गया। गार्ड आफ ऑनर के पश्चात राज्यपाल ने विधान भवन के लिये प्रस्थान किया। विधान भवन पहुंचने पर राज्यपाल श्री राम नाईक का स्वागत सभापति विधान परिषद श्री रमेश यादव, विधान सभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित व मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्यमंत्री श्री सुरेश खन्ना ने किया। विधान भवन में भी राज्यपाल को प्रोटोकाल के अनुसार 'गार्ड आफ ऑनर' दिया गया। राज्यपाल ने सदन में 30 पृष्ठीय अभिभाषण पढ़कर सम्बोधित किया। राज्यपाल का यह पांचवा संयुक्त सत्र अभिभाषण था। विधान सभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित ने राज्यपाल को सदन में अभिभाषण के लिये धन्यवाद दिया।

अंजुम/ललित/राजभवन (44/7)